राजस्थान सरकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा... 75 वर्ष

# सेवा पखवाड़ा 2025

## मुख्य अतिथि

# भजनलाल शर्मा

## माननीय मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

विकास पथ पर
आपणो अग्रणी राजस्थान...

**दिव्यांगजनों को स्कूटी एवं उपकरण वितरण**

**1.87 लाख निर्माण श्रमिकों को 209 करोड़ रुपए का हस्तान्तरण**

# 362 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

### शिलान्यास

- बालक एवं बालिकाओं के 30 छात्रावासों का निर्माण कार्य
- 21 सड़कों का निर्माण, नवीनीकरण एवं डामरीकरण कार्य
- 7 स्वास्थ्य केन्द्र भवनों जैतारण, नीमाज, बलून्दा, फाल्का, पाटवा एवं झीतड़ा के निर्माण कार्य
- 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन आनन्दपुर कालू

### लोकार्पण

- बालक एवं बालिकाओं के 10 छात्रावास
- 16 सड़कों का निर्माण एवं डामरीकरण कार्य
- चार जिलों में मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह
- देवनारायण राजकीय बालक आवासीय विद्यालय, रास – जैतारण
- 71 जल संग्रहण संरचनाओं के कार्य

**मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025 | श्री राम चौक, जैतारण, ब्यावर | प्रातः 10.30 बजे**

निदेशालय विशेष योग्यजन
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

राजस्थान संवाद

## सार-समाचार

### 'कार्यों व योजनाओं में प्रगति लाएं'

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. बजरंग सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एडीएम डॉ सिंह ने सभी विभागों के विभागीय कामों योजनाओं व की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं में जिन विभागों की योजनाएं शामिल है जिनमें ऊर्जा विभाग में कुसुम योजना के बारे में 33 केवीएस, लाडो प्रोत्साहन योजना में लाभान्वितों के कृषि व बागवानी में तारबंदी फार्म पौंड आदि में विभिन्न प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृतियां, फर्टीलाईजर की स्थिति के बारे में ग्रीन हाउस, ड्रीप योजना, शहरी व ग्रामीण सेवा शिविरों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होंने नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री स्वनिधी योजना, उद्योग में विश्वकर्मा व राइजिंग राजस्थान, पीएचईडी में जल जीवन मिशन, चिकित्सा व सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन, शिक्षा मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान योजना, जल संसाधन की प्रगति के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सामान्य दिनों के कामकाज के बारे में पानी, बिजली, सड़क अन्य विभागों के कामों के बारे में निर्देश दिये। इसी प्रकार सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निस्तारण के लिये निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर चिकित्सालय के नेत्र विभाग में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित, विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद चौहान, डॉ. पुनीत सिंह, डॉ. रमेश चोपड़ा एवं डॉ. सारिका ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा डायबिटीज से जुड़ी आंखों की समस्याओं और अन्य प्रारंभिक नेत्र रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आंखों में किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर लापरवाही न करें और तुरंत नेत्र चिकित्सक से परामर्श लें। इस अवसर पर डॉ. विकास राजपुरोहित ने नियमित नेत्र परीक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय-समय पर जांच कराने से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। वहीं, विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद चौहान ने मरीजों एवं परिजनों को संबोधित करते हुए जागरूकता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी बताई और सभी से स्वास्थ्य संबंधी जांच समय पर करवाने की अपील की। विभाग के ओपीडी प्रभारी कविता शर्मा प्रमिला इशेरवाल हितेश शर्मिला व मुकेश भाटी भी उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. विकास राजपुरोहित ने उपस्थित मरीजों, उनके परिजनों एवं पूरे विभाग को शुभकामनाएं दी।

### खेतेश्वर गुरुकुल सायला में कन्या पूजन

**सायला**, (निसं)। सायला नगर के श्री खेतेश्वर गुरुकुल में नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन कार्यक्रम का तहसीलदार सायला लक्ष्मी चौधरी और अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जालौर लहरीराम की उपस्थिति में आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कन्याएं हमारी संस्कृति का गौरव हैं। उनकी शिक्षा और सम्मान समाज के विकास की नींव है। वही अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी लहरीराम ने गुरुकुल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि श्री खेतेश्वर गुरुकुल न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह संस्कारों और नैतिक मूल्यों का भी संवाहक है। इसके बाद कन्या पूजन कार्यक्रम में गुरुकुल की छात्राओं को माता दुर्गा के स्वरूप के रूप में पूजा गया, जो भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में गुरुकुल के अध्यक्ष जैताराम, सचिव मांगीलाल राजपुरोहित, बलवताराम आसाणा, मोहनलाल चौराऊ, जबराराम चौराऊ, पदमसिंह, सांवलाराम चौराऊ, खीमसिंह सायला, भोपालसिंह सायला आदि ने कन्याओं को तिलक लगाकर, उपहार देकर और उनकी शिक्षा व सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में गुरुकुल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भक्ति भजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। यह आयोजन नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्याओं के प्रति सम्मान और उनकी शिक्षा को बढावा देने का एक सशक्त संदेश देता है।

### केलावा कला में 151 कन्याओं का पूजन

**जोधपुर**, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केलावा कलां में नवरात्रि के अवसर 151 कन्याओ का पूजन कर गिफ्ट व फल वितरित किए गए । गिफ्ट मे कन्याओं हेतु पेंसिल बॉक्स व शिक्षण सामठी दी गई । कन्याओं का पूजन विधि विधान से किया गया । प्रधानाचार्य व पी.ई.ई.ओ. डॉ. कंचन चारण ने नवरात्रि के महत्व व कन्या पूजन की महता की जानकारी बड़ी रोचक तरीके से दी । इस अवसर पर ग्रामीणजनों व भामाशाहो ने भाग लिया। भामाशाह शंकरलाल बिश्नोई, करनाराम मेघवाल, राजेंद्र सोनी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।प्रधानाचार्य डां . कंचन चारण ने बताया कि विद्यालय में प्रति वर्ष प्रत्येक त्यौहार व दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्वयं संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हर घर तक संघ विचार जाये संघ गणवेश हो इस हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है । प्रधानाचार्य डां . चारण ने बताया कि विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे का कार्य भी पूर्ण हुआ। जिसका उद्घाटन ग्रामीण जनों द्वारा किया गया।

### पिता-पुत्र पर हमले के चार आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। प्रतापगर थाना क्षेत्र में नाइयों की बगेची के निकट रात के समय में पिता पुत्र का रास्ता रोककर हमला करने के आरोप में चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि शांतिप्रिय नगर मसूरिया निवासी राजकुमार पुत्र मोहनलाल वाल्मिकी की तरफ से केस दर्ज कराया गया था। इसमें बताया कि 28 सितंबर की देर रात दो बजे के आस पास नाइयों की बगेची के पास में लक्की तेजी, रोहित, शुभम उर्फ भीला, अंकित, तुषार आदि ने मिलकर परिवादी और उसके पुत्र पर हमला किया। जिससे वे जख्मी हो गए। दोनों का अस्पताल ले जाया गया। पुत्र को गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अब लक्की तेजी, शुभम उर्फ भीला, अंकिम एवं तुषार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को शांतिभंग में हिरासत में लिया गया।

### पाली की रोलर स्केटिंग टीम कोटा रवाना

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला रोलर स्केटिंग संघ अध्यक्ष आनंद कवाड एवं मुख्य सचिव अजय शर्मा ने बताया कि 69 वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में पाली जिले से 12 खिलाड़ी चयनित हुए जो की 30 सितंबर से 6 अक्टूबर तक कोटा में आयोजित होगी। जिसमें तीर्थ सियोल ,हरध्यांश भंडारी, प्रभाष राजपुरोहित, स्नेहा अजोदडा,जानवी राजपुरोहित, दिव्यंका विश्नोई, हार्दिक चौधरी, भाव्यांशु सीरवी, दीक्षत वैष्णव, अविका सोनी, स्त्राग्वि सोलंकी ,शानवी बालक बालिकाएं पाली टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय में 500 मीटर 1000 मीटर 2000 मी रेसेस में भाग लेकर पाली टीम का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्ष आनंद कवाड ने बताया कि पाली टीम से दल प्रभारी के रूप में मधु चौधरी एवं प्रशिक्षक मोहम्मद हाशमी के सन्ग् टीम को करवाने किया गया।

### भागवत कथा का पोस्टर का विमोचन

**पाली**, (नि.सं.)। नागा बाबा की बगीची गणेश मन्दिर पाली के पांडाल में 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 25 तक भागवत कथा का आयोजन होगा। जिसमें पूज्य गोवत्स राधा कृष्ण जी महाराज के श्री मुख से भागवत कथा का वाचन होगा। भागवत कथा का आयोजन का पोस्टर विमोचन नागा बाबा बगेची जी के मंहत सुरेश गिरी महाराज के सानिध्य में हुआ। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी, सुरेश सर्राफ, गोपाल अग्रवाल, नेमीचंद लाड़, गंगाविशन सारड़ा, ललित शर्मा, विकास नागोरी,, रामगोपाल सर्राफ ,देवकीनंदन सरार्फ, माधुरी, भगवती सरार्फ, कल्पना, कविता, नीरज सरार्फ, अजय धनावत, त्रिलोक बिड़ला, मनीष बिड़ला,महेश बंसल, वेदप्रकाश गोयल सहित कई जने मौजूद रहे।

### प्रतिभा खोज परीक्षा 5 अक्टूबर को

**जालोर**, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में नई रोशनी और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से संत श्री राजारामजी भविष्य ज्ञान ज्योति फाउंडेशन द्वारा आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा इस वर्ष 5 अक्टूबर को होगी। फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं विकास अधिकारी सांवलाराम चौधरी ने बताया कि यह परीक्षा राजस्थान के 6 जिलों के 38 परीक्षा केंद्रों पर एक साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक संपन्न होगी।

# राजस्थान का खजुराहो किराडू आकर्षण का केंद्र बना

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। मालाणी महोत्सव के समापन समारोह के दौरान कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान राजस्थान का खजुराहो कहा जाने वाला किराडू आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए है। विश्नोई ने कहा कि मालाणी महोत्सव सीमांत बाड़मेर जिले की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की अभिनव पहल है। किराडू जैसे बेहद अदभूत स्थान पर लोक कलाकारों, पुरातन संस्कृति को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की इच्छा शक्ति की बदौलत मालाणी महोत्सव का आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि किराडू ऐतिहासिक स्थान है, जहां पुराने समय में विदेशों से व्यापारिक मार्ग का जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विदेशों से पुरातन संपदा रूपी मूर्तियों को वापिस भारत लाया गया। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी की ओर से किराडू में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इससे पुरा महत्व के स्थलों के प्रचार प्रसार के साथ कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा।

समाजसेवी सतीश पूनिया ने राज्य सरकार की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिलेगा। समाजसेवी स्वरूपसिंह खारा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार पुरा संपदा के संरक्षण के लिए तत्पर हैं। मालाणी महोत्सव के जरिए स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया है।

मालाणी महोत्सव के समापन समारोह के दौरान चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, जिला कलैक्टर टीना डाबी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, समाजसेवी दीपक कड़वासरा, दिलीप पालीवाल, प्रधान रूपाराम सारण, महावीर सिंह चूली, चेलाराम सारण, रामसर उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, गुड़ामालानी उपखंड अधिकारी केशव मीणा, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के सचिव शरद व्यास, तहसीलदार तनसिंह, विकास अधिकारी विक्रम जांगिड समेत विभिन्न जन प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। मालाणी महोत्सव के आयोजन के दूसरे दिन रविवार को शास्त्रीय गायक हुल्लास पुरोहित-राग पुरिया धनाश्री तथा दादु वाणी के भजनों, सुश्री सुनयना पुरोहित ने भरतनाट्ययम् नृत्य के अंतर्गत कृष्ण लीला, जयपुर की प्रख्यात कत्थक नृत्यांगना सुश्री सिमरन भगतानी ने शिव स्तुति, पारंपरिक कत्थक, शास्त्रीय गायक अनुपराज पुरोहित ने राग मांड, कबीर निर्गुण पद के भजनों की प्रस्तुति दी। श्रीमती प्रेरणा राठी के दल ने कत्थक नृत्य एवं मांड गायन पर नृत्य, मिट्ठू खान बड़नावा जागीर दल एवं गफूर खान झाफली के दल ने लंगा गायन, तगाराम मेघवाल गेर नृत्य दल मोतीसरा ने गेर नृत्य की प्रस्तुति दी।

इसी तरह अप्पा नाथ कालबेलिया दल ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर लालायित कर दिया। इस दौरान किराडू मंदिर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आकर्षक रंगोलियों का निर्माण करवाया गया।

# असफलताएं भी कुछ सीख देती है : सुमति मुनि

**जोधपुर**, (कासं)। श्रीमद् उत्तराध्ययन के नवम् अध्याय की विवेचना करते हुए चोरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने कहा कि परीक्षा में भी हमे शिक्षा मिलती है। परीक्षा की असफलताएं भी कुछ ना कुछ सीख देती है। जीवन में परीक्षा आती रहती है। हिम्मत के साथ उसका सामना करना चाहिए।

मुनि ने कहा कि किसी भी स्थिति का हेतु एवं कारण जानो। राग-द्वेष के कारण वेदना आती है। जीवन में कोई तकलीफ होती है तो मनन करे कि यह पीड़ा किस कारण से आयी है।

अनुभूति, शरीर, मन आदि की क्या स्थिति है एवं इस तकलीफ से मुक्ति व शांति कैसे होगी। उस उदय में सिर्फ वेदना का स्मरण करते, शरीर की तरफ ही ध्यान रहता है। जिसको हम याद करते हैं,वही हमारी मन स्थिति पर छा जाता है। उस समय आत्मा चिंतन करे स्वस्थ होते ही धर्मध्यान में विशेष पुरुषार्थ करुंगा। बोध प्राप्त होने पर स्वयं आगे बढ़ कर भोगों का त्याग करें। मुनि श्री ने कहा कामनाओं से संसार बढ़ता है।

इससे पूर्व साध्वी ने अपने प्रवचन में कहा कि मोहनीय कर्म बंध से आये कर्म के कारण चिंता करने से आपकी चिंता और बढ़ जायेगी, नयी चिंताओ का जन्म होगा। क्या आपकी मां ने चिंता करने के लिए जन्म दिया? आपके जन्म से आपकी मां खुश थी तो फिर आज चिंता कर अपनी माता की क्यों चिंता प्रदान कर रहे है। दिल और दिमाग दोनों को साथ रखने से चिंता होती है। हाथ में आया अवसर नहीं गंवाना गंवाना चाहिए। वर्तमान का आनन्द लें।

संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, मंत्री माणक ललवानी अशोक बोहरा ने बताया कि संघ के सानिध्य में आयंबिल तप से ओली तप की आराधना ज्ञान भक्ति से शुरु हुई। आराधना 7 अक्टूबर तक रहेगी । प्रतिक्रमण शिविर के चतुर्थ दिवस में गुरु वन्दन विधि का विवेचन किया। शिविर का समापन मंगलवार को पारितोषिक के साथ किया जाएगा।

## विक्रम करणोत क्षेत्रिय सचिव बने

**जालोर**, (कासं)। महावीर इंटरनेशनल ने एक बार पुनः आहोर से विक्रमसिंह करणोत को संस्थान की केन्द्रीय कार्यकारिणी में स्थान देकर क्षेत्रिय सचिव मनोनीत किया।

संस्थान के नव निर्वाचित अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.ए.वीर अनिल जैन ने बताया कि करणोत क्षैत्रिय सचिव रिजन -4 का दायित्व संभालेंगे, जिसमें इनके अधीन उदयपुर संभाग ,डूंगरपुर-बांसवाडा संभाग एवं जालोर-सिरोही संभाग रहेंगे।

करणोत पूर्व में भी इस संगठन में जोन चेयरमैन, गवर्निंग काउंसिल मेंबर एवं रिजनल सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं, इसके अलावा भी वे कई सामाजिक संगठनों से जुडे रहे है। जिससे इनके अनुभव का संगठन को लाभ मिलेगा।

## जोधा ने धरने की चेतावनी दी

**पोकरण**, (कासं)। पोकरण के समाजसेवी एवं पशु-पक्षी, पर्यावरण तथा जल संरक्षण की मुहिम चलाने वाले बलवंत सिंह जोधा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार और प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए तय समय सीमा में ओरण, गोचर, तालाब, नाडी, आगोर, चारागाह एवं डोली की जमीन को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि आगामी 15 दिनों में उचित कार्यवाही नहीं की गई तो उपखंड कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पर्यावरण प्रेमी, व जल संरक्षण की मुहीम चलाने वाले जोधा ने जिले की नदियों, तालाबों, नाडयों, चारागाहों के साथ ही ऐतिहासिक धरोहरों - छतरियां एवं देवल - को भी सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कर संरक्षित करने की मांग उठाई।

# लक्ष्मीनाथजी को ओरण प्रेमियों ने अर्जी दी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पारंपरिक जल स्त्रोतों और गोचर तालाबों के संरक्षण को लेकर जैसलमेर में ओरण प्रेमियों ने अनोखी पहल की है। प्रशासन के कथित ढुलमुल रवैये से आहत इस समूह ने धरना स्थल से पैदल नंगे पांव सोनार दुर्ग स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर तक जाकर भगवान श्री लक्ष्मीनाथ के नाम ज्ञापन भेंट किया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मांग की गई है कि जैसलमेर के ओरण और गोचर तालाबों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए, ताकि इन जलस्त्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और भविष्य में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या अनियमित उपयोग को रोका जा सके। साथ ही प्रशासन को सदबुद्धि देकर ओरण के महत्त्व को समझाने की भी अरदास की गई।

ओरण प्रेमियों का कहना है कि यह कदम प्रशासन को जागरूक करने और पारंपरिक जलस्त्रोतों के महत्व को उजागर करने का सांस्कृतिक प्रयास है। धरना स्थल से पैदल चलकर मंदिर पहुंचे प्रेमियों ने लाल पैन से लिखे ज्ञापन को भगवान के दर पर रखकर अपनी मांगें रखी। उन्होंने कहा कि ओरण और गोचर तालाब जैसलमेर की पारंपरिक जल नीति का अभिन्न हिस्सा हैं। इनका संरक्षण केवल पानी की उपलब्धता के लिए ही नहीं, बल्कि स्थानीय जीवनशैली और जैव विविधता के लिए भी आवश्यक है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जैसलमेर जैसे रेगिस्तानी क्षेत्र में ओरण और गोचर तालाब वर्षा जल संचयन और गर्मियों में जल आपूर्ति बनाए रखने में मदद करते हैं। यदि इन्हें संरक्षण का आधिकारिक दर्जा नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में जल संकट, पारंपरिक जीवनशैली और जैव विविधता पर गंभीर असर पड़ेगा।

वरिष्ठजन चम्पालाल ने बताया कि जैसलमेर के आराध्य श्री लक्ष्मीनाथ के दरबार में पूर्व में महारावल गिरधरसिंह ने नंगे पैर आकर दर्शन कर अकाल के दौरान अरदास कर गड़ीसर सरोवर को बरसात करवा कर भरवा दिया था।

# सोनी व बंजारा का अभिनंदन किया

**भीनमाल**, (निसं)। स्थानीय नीम गोरिया क्षेत्रपाल मंदिर परिसर में अखिल भारतीय महाकवि माघ विकास संस्थान मुख्यालय भीनमाल की ओर से क्षेमंकरी माताजी ट्रस्ट के नव मनोनीत अध्यक्ष कोलचन्द सोनी, नीम गोरिया क्षेत्रपाल ट्रस्ट के नव मनोनीत अध्यक्ष प्रेमाराम बंजारा का नीम गोरिया क्षेत्रपाल मंदिर परिसर में रविवार सायं को श्रीफल, अंग वस्त्र, शॉल, साफा व माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया गया।

कार्यकारिणी सदस्य नैनाराम चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राव पहाडसिंह, कोषाध्यक्ष कपुरचंद जीनगर व पारसमल घांची का भी माला, साफा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

संस्थान के जन संपर्क प्रमुख माणकमल भंडारी ने दोनो अध्यक्षों का शुभकामनाएं ज्ञापित की। संस्थान के सदस्य डॉक्टर अक्षय बोहरा व डॉक्टर जगमाल चौधरी ने कहा कि हमे पूर्ण विश्वास है कि ट्रस्ट निर्बाध रूप से उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। संस्थान के दिनेश कुमार दवे ने कहा की संस्थान ट्रस्ट के साथ जनोपयोगी कार्य जन सेवा को नवोन्मेषी भाव के साथ तत्पर रहेगा। डॉ घनश्याम व्यास ने ट्रस्ट से निवेदन किया की शिक्षा व सह शैक्षिक गतिविधियों में भी कार्य करें।

इस अवसर पर मालाराम चौधरी नवापुरा चोपावतान, महेंद्र शर्मा, वासुदेव अवस्थी, मांगीलाल गहलोत, नरोत्तम लाल त्रिवेदी, केसाराम देवासी, डॉक्टर अक्षय बोहरा, डॉक्टर जुगमल राम चौधरी, गोपाल चंद्र जीनगर, कपुरचंद्र जीनगर, मालाराम पाविया चौधरी, डॉक्टर जितेंद्र गोयल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ घनश्याम व्यास ने किया।

## प्रतिभा दिखाई

**जालोर**, (कासं)। सायला की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में प्रश्न मंच (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को उम्मेदाबाद स्थित मॉडर्न पब्लिक माध्यमिक विद्यालय रामनगर में विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता भारत विकास परिषद् के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने की।

# एकता मंच ने कन्याओं को भोजन कराया, उपहार दिए

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर शहर में नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक और सामाजिक उत्साह का माहौल छाया हुआ है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एकता मंच द्वारा गली नंबर 3, रूप नगर द्वितीय में 131 कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया, जो इस बार और भी भव्य और यादगार रहा।

इस आयोजन को संभव बनाने में रूप नगर के निवासियों का विशेष योगदान रहा, जिनके बिना यह भव्य कार्यक्रम अधूरा रहता। इस उत्सव में न केवल धार्मिक महत्व है, बल्कि यह सामाजिक एकता और बालिका सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है।

इस आयोजन के पीछे रूप नगर के समर्पित व्यक्तियों की मेहनत और उत्साह शामिल है। विशेष रूप से संजय माथुर, मधु सुधन लिम्बा, अमित परिहार, गौतम जैन, अंकुर बाहेती, नवीन पवार, नितिन परिहार, संजय भाटी, अभिषेक गांधी और मयंक जोहरी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही, महिलाओं का योगदान भी अनमोल रहा। पूर्णिमा लिम्बा, सरोज परिहार, रेखा भाटी, कविता बाहेती, रजनी माथुर, कंचन जैन, अरुणा परिहार और नेहा गांधी ने अपनी मेहनत और लगन से इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया।

इसके अलावा, रूप नगर के बुजुर्गों की प्रेरणा और मार्गदर्शन के बिना यह आयोजन संभव नहीं हो पाता। हनुमान बिश्नोई, सुनील माथुर, महिपाल धारीवाल, मुन्ना सा धारीवाल, राजेंद्र फोफलिया ने सलाह और समर्थन ने इस कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई दी। साथ ही, इस आयोजन में युवाओं का जोश और ऊर्जा देखते ही बनता था। युवाओं का उत्साह इस महा भोज को और भी यादगार बनाने में महत्वपूर्ण रहा।

नवरात्रि, जो इस वर्ष 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगी, हिंदू धर्म में देवी दुर्गा की आराधना का प्रमुख त्योहार है। कन्या पूजन की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जहां युवा बालिकाओं को देवी का स्वरूप मानकर उन्हें भोजन कराया जाता है। एकता मंच के इस आयोजन में शुरू में 108 कन्याओं को आमंत्रित करने की योजना थी, लेकिन उत्साह के साथ 131 कन्याएं इस भोज में शामिल हुईं, जो विभिन्न आयु वर्ग की थीं। आयोजकों का कहना है कि 108 की संख्या शास्त्रों में पवित्र मानी जाती है, और इस बार 131 कन्याओं का आगमन इस आयोजन को और भी शुभ बनाता है।

एकता मंच के सदस्य संजय माथुर ने बताया कि हमारा उद्देश्य नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर समाज में एकता को मजबूत करना है। कन्या भोज के माध्यम से हम बालिकाओं के शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 131 कन्याओं को स्वादिष्ट भोजन के साथ-साथ उपहार भी दिए गए, जिसमें किताबें, स्टेशनरी और अन्य उपयोगी वस्तुएं शामिल थीं।

## सार-समाचार

### गर्ग ने श्रमदान एवं पौधारोपण किया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सोमवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सायला तहसील के विशाला ग्राम स्थित मंदिर प्रांगण में श्रमदान किया तथा ''हरियालो राजस्थान''-''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान के प्रत्येक नागरिक के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं इसी क्रम में कोमता से उनडी फांटा वाया विशाला तक 12 किमी सड़क का डामरीकरण,ग्राम विशाला में चोहटा से जबरसिंह निवास तक सीसी सड़क निर्माण हेतु 20 लाख रुपये एवं भमराजी पुरोहित निवास के समीप टांका निर्माण हेतु 10 लाख रुपये स्वी.त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पंप हाउस से जांगजी पुरोहित के घर तक कुल 0.5 किमी पेयजल पाइपलाइन का भी निर्माण किया जाएगा तथा एसआर टैंक के लिए भूमि आवंटन किया गया हैं। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि क्षेत्र की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को उच्च स्तर पर श्रेष्ठ मंच उपलब्ध कराने के लिए लिए खेल मैदान भी स्वीकृत किया गया हैं। इस दौरान एसडीएम सायला सूरजभान विश्नोई, दीपसिंह धनानी, रामप्रकाश चौधरी, उदयसिंह दादाल, नैनमल लखारा, राहुल भंडारी, रंगाराम देवासी मोकजी, थानमल देवासी, वरदाराम देवासी, रेवाराम सेन, रामलाल, गणेशाराम चौधरी, रमेश गर्ग, जबरसिंह, आसाराम प्रजापत, जबराराम दर्जी, मालाराम मेघवाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जालोर जिले के मुक्केबाज अजमेर रवाना

**जालोर**, (कासं)। प्रारंभिक शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार की ओर से अजमेर में 29 सितम्बर से आयोजित होने वाली 69 वीं राज्य स्तरीय स्कूली मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए जालोर के मुक्केबाज रविवार को दल प्रभारी कानाराम चौहान के साथ रवाना हुए। जालोर अंडर 14 स्कूली मुक्केबाजी दल के दलाधिपति कन्हैयालाल मिश्रा व प्रशिक्षक प्रितम सिंह राठौड ने बताया कि प्रतियोगिता महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गांधी भवन तोपदडा अजमेर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में जालोर टीम से चेतन गेहलोत 28 से 30 किलो भार वर्ग में,यश जैन 30 से 32 किलो भार वर्ग में,अनिल चौधरी 38 से 40 किलो भार वर्ग में,कनिष्क चौधरी 40 से 42 किलो भार वर्ग में,दक्ष सुथार 42 से 44 किलो भार वर्ग में व लक्षित गेहलोत 48 से 50 किलो भार वर्ग में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाडी वीएस महावीर स्कूल,सेंट पॉल स्कूल,सेंट एंस स्कूल व विद्या भवन स्कूल भीनमाल में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

### वीर वीरमदेव कॉलेज में शिविर संपन्न

**जालोर**, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाइयों तथा मेरा युवा भारत, जालोर के संयुक्त तत्वावधान में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. मनीष अखावत ने स्वयंसेवकों और कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने छात्रों को सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। मेरा युवा भारत, जालोर कार्यालय के अमित सचदेवा एवं चंदन कुमार (लेखा एवं कार्यक्रम सहायक) ने भी युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनके क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

### गरबा महोत्सव में जोगेश्वर गर्ग पहुंचे

**जालोर**, (कासं)। माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान, क्षेमंकरी माताजी मंदिर, प्रेम नगर जालोर के तत्वावधान में आयोजित नवरात्रि गरबा महोत्सव में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक, कैबिनेट मंत्री एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने रविवार को अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गर्ग ने सर्वप्रथम खीमज माताजी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया।इसके पश्चात संस्था सरंक्षक गोपाराम माली,अध्यक्ष जुङ्गाराम सोलंकी, उपाध्यक्ष दिलीप सोलंकी, मंत्री एडवोकेट सुरेश सोलंकी, कार्यक्रम संयोजक छोगालाल माली, कोषाध्यक्ष कमलेश सोलंकी,प्रसार मंत्री हुकमीचंद सोलंकी, रमेश सोलंकी सहित पदाधिकारियों ने मंत्री महोदय का साफा माला स्मृती चिन्ह भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि नवरात्रि का पर्व मातृशक्ति की उपासना और शक्ति, भक्ति व एकता का प्रतीक है। समाज द्वारा ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से हमारी परंपराएँ सशक्त होती हैं और आने वाली पीढयों को संस्कार मिलते हैं। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, महामंत्री सुरेश सुंदेशा,नाथू सोलंकी,वेलाराम माली,चुनीलाल, ओम पिसोला,बसंत, नरेंद्र,भरत,सौरव सहित कहि कार्यकर्ता माताएं बहने मौजूद रही। मंदिर प्रांगण में बडी संख्या में माताएं, बहनें व समाजजन ने गरबा में सहभागिता कर उत्साह और श्रद्धा के साथ देवी माताजी की आराधना की। वातावरण भक्ति रस और रंगीन परिधानों से सराबोर नजर आया।

### रामदेवरा में स्वास्थ्य सेवा शिविर लगा

**पोकरण**, (निसं)। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामदेवरा में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। पोकरण सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र कुमार पालीवाल के निर्देशन एवं खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सांकडा डॉ. जसवंत सिंह की देखरेख में आयोजित इस शिविर में कुल 333 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में किशोरी बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच के साथ टी.डी. वैक्सीन लगाई गई। वहीं गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर स्वास्थ्य जांच, टीबी स्क्रीनिंग, एनसीडी व कैंसर स्क्रीनिंग भी की गई। महिलाओं व बालिकाओं को पोषण संबंधी जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

### दुर्गाष्टमी आज, गरबा की धूम मची

**जालोर**, (कासं)। नवरात्र महोत्सव को लेकर गरबा नृत्य की धूम मची है। होमअष्टमी पर मंगलवार को भक्त यज्ञ में आहुतिया देंगे। शाम ढलते ही गरबा पांडालो में भीड लगने लग जाती है। मलकेश्वर मठ में रोटरी क्लब, सरावास, एफसीआई गोदाम, चामुण्डा माता मंदिर, राजेन्द्र नगर, सिंधी कॉलोनी सहित विभिन्न गली मोहल्लो में गरबा नृत्य की धूम मची है।


**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका सुमेरपुर जिला पाली (राज.)**

क्र.सं. 6112

**आपत्ति आमन्त्रण–पत्र**

दिनांक : 25.09.2025

श्री / श्रीमती क्र.सं. 01 से 06 जाति अग्रांकित मे नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय / व्यवसायिक उपयोग के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुमेरपुर | श्री छोगाराम पुत्र नथाजी घांची | घांचियो का वास सुमेरपुर | 2250 sqft | उत्तर :– ल्छीराम पुत्र चमनाजी घांची का भुखण्ड<br>दक्षिण :– शंकरलाल पुत्र हिराजी घांची भुखण्ड<br>पूर्व :– मकान का दरवाजा व रास्ता आगे भुरजी की बगीची<br>पश्चिम :– मकान का दरवाजा व आम रास्ता |
| 2 | सुमेरपुर | श्रीमति गोदावरी देवी पत्नि जवेरचंद जी खण्डेलवाल | गायत्री कॉलोनी प्लोट सं. 49 बार्ड सं. 16 सुमेरपुर | 1000 sqft | उत्तर :– छागनीबाई खण्डेलवाल भुखण्ड सं. 48<br>दक्षिण :– भुखण्ड सं. 50<br>पूर्व :– भुखण्ड सं. 60<br>पश्चिम :– दरवाजा व आम रास्ता |
| 3 | सुमेरपुर | श्रीमति भंवरी देवी पत्नि पोकरमलजी कुमावत | सुनारो का वास भैरूचौक, सुमेरपुर | 896 sqft | उत्तर :– दरवाजा व सोनारों का वास<br>दक्षिण :– बैचानकर्ता की दुकान व आगे सदर बाजार<br>पूर्व :– मनरूप चिमनाजी का मकान<br>पश्चिम :– मंगलचंदजी का मकान |
| 4 | सुमेरपुर | श्री अशोककुमार पुत्र जवानाराम सुथार | शांतिनगर ईस्ट जोन सुमेरपुर | 1800 sqft | उत्तर :– प्लोट सं. 235, 236<br>दक्षिण :– आम रास्ता 30 फीट व निकाल<br>पूर्व :– प्लोट सं. 221<br>पश्चिम :– प्लोट सं. 219 |
| 5 | सुमेरपुर | श्री अशोककुमार सोनी पुत्र मोतीलालजी सोनी | वासुपूज्य जैन कॉलोनी सुमेरपुर | 2275 sqft | उत्तर :– आम रास्ता 20 फीट<br>दक्षिण :– भूखण्ड सं. 23<br>पूर्व :– भूखण्ड सं. 20<br>पश्चिम :– आम रास्ता व दरवाजा |
| 6 | सुमेरपुर | श्री मोहम्मद युनुस पुत्र ईस्माईल खां | मस्जिद के पीछे वार्ड सं. 20 सुमेरपुर | 1430 sqft | उत्तर :– गफुर पुत्र खुदाबक्शजी<br>दक्षिण :– लालचंद मुकनलाल का गौदाम<br>पूर्व :– आम रास्ता |
| 7 | सुमेरपुर | श्री मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद यासीन | शांतिनगर कॉलोनी सुमेरपुर | 1056 sqft | उत्तर :– आम रास्ता 30 फीट<br>दक्षिण :– प्लोट सं. 10<br>पूर्व :– खसरा सं. 157 की अन्य भूमि<br>पश्चिम :– प्लोट सं. 12 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राय करने के लिए नगरपालिका के पक्ष आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभावमें यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

राज.संवाद / सी / 25 / 11026

**अधिशाषी अधिकारी**

